UP में युवाओं को बड़ी सौगात देने की तैयारी में योगी सरकार, 5 वर्षों में इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र में 4 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

Publish Date:Sat, 07 Aug 2021 03:45 PM (IST) | Author: **Umesh Tiwari**

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में युवाओं को रोजगार की सबसे बड़ी सौगात देने की तैयारी कर रही है। सरकार का लक्ष्य युवाओं को पांच साल के भीतर इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में चार लाख से अधिक रोजगार सृजित करने का है।

लखनऊ [राज्य ब्यूरो]। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में युवाओं को रोजगार की सबसे बड़ी सौगात देने की तैयारी कर रही है। सरकार का लक्ष्य युवाओं को पांच साल के भीतर इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में चार लाख से अधिक रोजगार सृजित करने का है। योजना के तहत पांच वर्षों में 40,000 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य तय किया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अब तक कुल 1000 करोड़ रुपये का निवेश इस सेक्टर में आ चुका है।

भविष्य में इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र रोजगार का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने तैयारी तेज कर दी है। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग नीति 2020 के तहत निवेश के प्रस्ताव मिलने के साथ ही सरकार ने व्यापार और रोजगार का नया खाका खींचना शुरू कर दिया है। नई नीति के तहत कोविड 19 को देखते हुए चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का प्रदेश में ही निर्माण के लिए लखनऊ, उन्नाव, कानपुर जोन में मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना की योजना तैयार की गई है।